पकड़ लो बाँह अब मईया

पकड़ लो बाँह अब मईया, नही तो डूब जाएगी,
पकड़ लो बाँह अब मईया, नही तो डूब जाएगी,
हमारा कुछ ना बिगड़ेगा, तुम्हारी लाज जाएगी,
पकड़ लो बाँह अब मईया......

तुम्हारे ही भरोसे पर जमाना छोड़ बैठा हूँ,
तुम्हारे ही भरोसे पर जमाना छोड़ बैठा हूँ,
जमाने की तरफ देखो मुझे कैसे निभाओगे,
जमाने की तरफ देखो मुझे कैसे निभाओगे,
पकड़ लो बाँह अब मईया......

पड़ी मझदार में नैया खिवईया कोई नही अपना,
पड़ी मझदार में नैया खिवईया कोई नही अपना,
खिवईया आप बनो तो नैया हो मेरी पार जाएगी,
पकड़ लो बाँह अब मईया......

लदी है पाप की गठड़ी हमारे शीश के ऊपर,
लदी है पाप की गठड़ी हमारे शीश के ऊपर,
वजन पापों का भारी है उसी से डूब जाएगी,
पकड़ लो बाँह अब मईया......

सकल जग ढूंढ कर हारे पता पाया नही तेरा,
सकल जग ढूंढ कर हारे पता पाया नही तेरा,
ह्रदय में आप बस जाओ छवि मन में समाएगी,
पकड़ लो बाँह अब मईया.....

पकड़ लो बाँह अब मईया, नही तो डूब जाएगी,
हमारा कुछ ना बिगड़ेगा, तुम्हारी लाज जाएगी,
तुम्हारी लाज जाएगी तुम्हारी लाज जाएगी,
तुम्हारी लाज जाएगी तुम्हारी लाज जाएगी....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29577/title/pakad-lo-baah-ab-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |